E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–09/2023......................... 6520 Ao18/08/2023

आदेश

प्रस्तुत अपील ''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)'' में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत अपीलार्थी मो0 शकील अहमद, (Emp. ID No.-AEN02627), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–4715 दिनांक–23.12.2022 के विरूद्ध दायर किया गया है।

अपीलार्थी मो0 शकील अहमद को अपील की सुनवाई की निर्धारित तिथि की सूचना ईमेल द्वारा दी गई। निर्धारित तिथि 13.06.2023 को वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई। उभयपक्ष उपस्थित। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की ओर से मंतव्य दाखिल किया गया। प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

आरोपित मो0 शकील अहमद द्वारा दायर अपील व अन्य दस्तावेज के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अररिया जिलान्तर्गत चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों के दौरान रैयतों से विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा मोटी रकम की मांग की जा रही है। इस संबंध में एक विडियो वायरल हुआ।

उक्त वायरल विडियो में रैयतों द्वारा लगाये गये भ्रष्टाचार के आरोप के संबंध में निदेशालय पत्रांक–3094 दिनांक–08.11.2022 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी।

अपीलार्थी द्वारा स्पष्टीकरण प्रतियुत्तर दिनांक–12.11.2022 को दाखिल किया गया है। प्राप्त प्रतियुत्तर में मो0 शकील द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि वायरल विडियो में जो रैयत मो0 जवाहिर दिख रहे है वे वार्ड नं0–7 के निवासी है तथा किसी के बहकावे में आकर मुझ पर झूठा आरोप लगाया है। वायरल विडियो में मेरा नाम रैयत द्वारा नहीं लिया गया है। मेरा नाम विडियो बनाने वाले द्वारा लिया जा रहा है। मेरे द्वारा कभी भी किसी तरह का कोई राशि की मांग किसी भी रैयतों से नहीं किया गया है।

वायरल विडियो में रैयतों द्वारा विशेष सर्वेक्षण कर्मियों पर लगाए गए आरोप की जाँच हेतु निदेशालय पत्रांक–4188 दिनांक–22.11.2022 द्वारा राजस्व अधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया से जाँच प्रतिवेदन की मांग की गयी है। जाँच पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि आरोप लगा रहे रैयत से संपर्क करने पर बताया गया कि भूपेंद्र नामक व्यक्ति को सर्वेक्षण कार्य हेतु 10000/– रूपये दिये गये है, परंतु अमीन को भूपेंद्र (निजी कर्मचारी) के साथ नहीं देखा गया। दूसरे अमीन एवं रैयतों ने बताया कि अमीन मो0 शकील निजी कर्मचारी के सहयोग से कार्यों का निष्पादन करते है। साथ ही जाँच पदाधिकारी द्वारा यह भी प्रतिवेदित किया गया है कि अमीन, मो0 शकील जाँच के समय अनुपलब्ध पाये गये एवं उनके द्वारा मोबाईल पर कोई उत्तर नहीं दिया गया।

उपरोक्त वर्णित तथ्यों के संदर्भ में आरोपित से प्राप्त स्पष्टीकरण, जाँच पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन तथा निदेशालय द्वारा प्राप्त मंतव्य की समीक्षा की गयी, समीक्षा में पाया गया कि ऐसे कोई भी साक्ष्य आरोपित द्वारा उपलब्ध नहीं कराये गये, जिससे इनके उपर सर्वेक्षण कार्य हेतु लगाये गये रूपयों की लेन–देन/भ्रष्टाचार संबंधी मामले को खंडित करता हो।

उक्त विवेचना से स्पष्ट है कि निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा उपरोक्त मामले में की गई कार्रवाई में हस्तक्षेप की आवश्यकता नही है। सर्वेक्षण जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य जो आम रैयतों के बीच रह कर किये जा रहे है, में अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर भ्रष्टाचार जैसे कार्य किया जाना सरकारी कार्य की विश्वसनीयता को धुमिल करता है, इस प्रकार के कृत्य का प्रभाव अन्य कर्मियों पर न पड़े इसको दृष्टिगत रखते हुए इन्हें सेवा में बनाये रखना उचित नही है।

अतः मो0 शकील अहमद, (Emp. ID No.- AEN02627), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया द्वारा दायर अपील को अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

E-Mail

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–09/2023......6520......**पटना, दिनांक :–**18/08/2023

प्रतिलिपिः– मो0 शकील अहमद, (Emp. ID No.- AEN02627), (संविदा समाप्त) पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया, Email- shakil847422@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

16/8/23
(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–09/2023......6520......**पटना, दिनांक :–**18/08/2023

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, अररिया/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), अररिया को सूचनार्थ प्रेषित।

16/8/23
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–09/2023......6520......**पटना, दिनांक :–**18/08/2023

प्रतिलिपिः– संबंधित स्थापना सहायक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/8/23
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–09/2023......6520......**पटना, दिनांक :–**18/08/2023

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

16/8/23
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–09 / 2023....6520.........**पटना, दिनांक :–** 18/08/2023

प्रतिलिपि:– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/8/23

सहायक निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप